भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2241

सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा**

**2241. श्री दिलीप शइकीयाः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या पहल की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): जी हां, संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में पर्यटन क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है।

पर्यटन का प्रचार और विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है, हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

i. पर्यटन मंत्रालय विभिन्न कार्यक्रमों, सोशल मीडिया और अभियानों सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत में पर्यटन को बढ़ावा देता है।

ii. देश में पर्यटन स्थलों की जानकारी को अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है। साथ ही, पर्यटन मंत्रालय ने नए सिरे से तैयार किए गए अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल (www.incredibleindia.gov.in) पर अतुल्य भारत कंटेंट हब लॉन्च किया है। अतुल्य भारत कंटेंट हब उच्च गुणवत्ता वाली छवियों, फिल्मों, ब्रोशर और समाचार पत्रों का एक व्यापक डिजिटल भंडार है, जिसे दुनिया भर में उद्योग के हितधारकों (यात्रा मीडिया, टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंट) द्वारा आसानी से एक्सेस किया जा सकता है और जो उनके सभी विपणन और प्रचार संबंधी प्रयासों में अतुल्य भारत को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक हैं।

iii. पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0 और पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजनाओं के तहत पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए परियोजनाओं को मंजूरी दी है। संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में उपर्युक्त योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का घटकों के साथ विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

iv. 2019-20 के दौरान, आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र को 'लोसार महोत्सव' के आयोजन के लिए 15.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

v. इसके अलावा, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

क. लद्दाख होमस्टे नीति 2023 में 29 आवश्यक सामग्रियों वाली किट प्रदान करने के माध्यम से होमस्टे की स्थापना करने में ग्रामीण लोगों/आवासों की सहायता की जाती है। इस नीति में राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम) के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। इसमें बेरोजगार ग्रामीणों, भूतपूर्व सैनिक, महिला स्वयं सहायता समूहों और मौजूदा पर्यटन व्यवसायियों को छोड़कर नए पर्यटन व्यवसायियों को प्राथमिकता दी जाती है।

ख. लद्दाख में साहसिक पर्यटन को विनियमित करने के लिए सुरक्षा, स्थायित्व और पारिस्थितिकी-अनुकूल केंद्रित 18 गतिविधियों को शामिल करते हुए राष्ट्रीय साहसिक पर्यटन रणनीति 2022 की तर्ज पर 'साहसिक गतिविधियों के लिए दिशा-निर्देश एवं साहसिक पर्यटन प्रचालकों के लिए पुनर्नवीकृत दिशानिर्देश' जारी किए गए हैं। साहसिक पर्यटन प्रचालकों को 3000 रु. शुल्क की अदायगी पर प्रत्येक 3 वर्ष में अपना पंजीकरण करवाना होता है और उन्हें जोखिम के श्रेणियों के आधार पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन करना होता है।

ग. लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) इनसेंटिव स्कीम 2024 के द्वारा लद्दाख में स्थित 1 से 19 कमरे वाले होटलों एवं अतिथि गृहों में डीसेंट्रलाइज्ड एसटीपी की स्थापना और प्रयोग को बढ़ावा दिया गया है। इसका उद्देश्य उपयुक्त अपशिष्ट जल उपचार सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण पर दुष्प्रभाव को कम करना, स्थानीय जल निकायों की सुरक्षा करना, सार्वजनिक स्वास्थ को बेहतर बनाना और सतत पर्यटन को सहायता प्रदान करना है।

घ. लद्दाख पर्यटक पुलिस यूनिट की स्थापना 2021 में की गई थी। पर्यटक पुलिस कर्मियों को खारदुंग ला, चांग ला और पैंगोंग सो जैसे प्रमुख पर्यटक स्थलों में अतिथियों की सहायता के लिए तैनात किया जाता है। वे ट्रैकिंग वाले मार्गों में फंसने वाले पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन भी करते हैं।

*****

**अनुबंध**

श्री दिलीप शइकीया द्वारा लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 09.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2241 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवती नगर - अनंतनाग - सलामाबाद उरी - कारगिल - लेह का विकास | 77.33 |
| 2. | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवाड़ - पहलगाम - ज़ंस्कर पदुम - डकसुम - रंजीत सागर बांध पर पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 |
| 3. | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग - बारामुल्ला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 |

**'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

| स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|
| 2020-21 | लेह, लद्दाख में ध्वनि एवं प्रकाश शो तथा पर्यटक सुविधा केंद्र, कारगिल, लद्दाख में वाटर स्क्रीन प्रोजेक्शन मल्टीमीडिया शो | 2321.99 |

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | संघ राज्यक्षेत्र | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लद्दाख | लेह | जूले लेह बायोडाईवर्सिटी पार्क | 24.89 | 05-03-2024 |
| 2. | लद्दाख | कारगिल | एलओसी और हुंडरमैन गांव की खोज का एक्सपीरियंस | 12.01 | 05-03-2024 |

*****